कार्यालय,जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,पूरबसराय,मुंगेर।

कला संकाय के आवेदकों के लिए काउंसलिंग एवं नामांकन हेतु आवश्यक सूचना

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चयन सूची से नामांकन उपरांत कोटिवार निम्नवत सीट (रिक्ति) शेष है–

Category	Vacancy	Cut-off Marks
BC	1	69.2-70.30
EBC	1	69-69.6
EBCF	2	67.43-69.6

उक्त सीटों पर नामांकन हेतु संलग्न सूची के अनुसार आवेदकों को दिनांक–25.02.2021 को 1:00 बजे अपराह्न तक काउंसलिंग हेतु बुलाया जाता है। अपराह्न 1:00 बजे तक संलग्न सूची के आवेदक संस्थान में उपस्थित होकर काउंसलिंग करा लें। उसी दिन 25.02.2021 को अपराह्न 2:00 बजे नामांकन हेतु चयनित आवेदकों की घोषणा की जाएगी तथा उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे से नामांकन कराया जाएगा। अतएव सभी आवेदक निम्नलिखित प्रमाण–पत्र के साथ उपस्थिति होगें।

(1) ऑनलाइन आवेदन प्रिंट की मूल प्रति।
(2) मैट्रिक/समकक्ष एवं इन्टरमीडिएट/समकक्ष का मूल अंक–पत्र एवं मूल प्रमाण–पत्र।
(3) अंतिम संस्थान/महाविद्यालय परित्याग–पत्र/स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र की मूल प्रति।
(4) आवासीय प्रमाण–पत्र की मूल प्रति (एक वर्ष से अधिक पुराना ना हो)
(5) जाति प्रमाण–पत्र की मूल प्रति (हाल का बना हुआ)
(6) दिव्यांग प्रमाण–पत्र की मूल प्रति (केवल दिव्यांग अभ्यर्थी के लिए)
(7) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का मूल प्रमाण–पत्र(केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए आरक्षित कोटि सक्षम पदाधिकारी से निर्गत जाति)
(8) सामान्य के लिए 11500/–(ग्यारह हजार पाँच सौ रूपये) एवं SC/ST एवं दिव्यांगों के लिए 7000/– (सात हजार रूपये) मात्र (ऑनलाईन के माध्यम से पेमेंट किया जाना है)
(9) स्वस्थता प्रमाण–पत्र (रजिस्टर्ड चिकित्सक के द्वारा निर्गत)
(10) चार पासपोर्ट साइज एवं दो स्टाम्प साइज रंगीन फोटो।
(11) सभी प्रमाण–पत्रों की दो–दो स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ मूल प्रमाण–पत्रों को एक फोलडर फाईल में लाना अनिवार्य है।
(12) इस घोषणा पत्र के साथ शपथ–पत्र देना है कि मेरा सभी प्रमाण–पत्र सही है, किसी भी प्रकार के गलत प्रस्तुत कागजात के लिए मेरा नामांकन रद् करते हुए कानूनी कार्रवाई के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा।

नोट–काउंसलिंग में वे अभ्यर्थी संस्थान में नहीं आए जिन्होंने इंटरमीडिएट कला/विज्ञान/वाणिज्य/उर्दू की परीक्षा 21 जनवरी 2020 के बाद उत्तीर्ण की हो।

ह0/–
प्रभारी प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
पूरबसराय,मुंगेर

ज्ञापांक:–86/मुंगेर,दिनांक:–22/02/2021

प्रतिलिपि:–संबंधित वेबसाईट Harmonious Infotech के प्रबंधक को सूचनार्थ समर्पित करते हुए यह निर्देश दिया जाता है कि वेबसाईट पर अपलोड करते हुए ई–मेल/एस0एम0एस0 के माध्यम से सूचित करेंगे।
प्रतिलिपि:– संबंधित नामांकन समिति के सभी सदस्य/जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि:–नामांकन प्रभारी/सह प्रभारी को यह निदेशित किया जाता है कि चयनित आवेदकों को मोबाईल से सूचित करते हुए अभिलेख पर टिप्पणी दर्ज करेंगे।

प्रभारी प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
पूरबसराय,मुंगेर

Jyoti 22.02.21 Sahni 22/02/21 Sujata Kumari 22/02/2021 22.02.21